महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

महिला शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले का योगदान पर हुई चर्चा
शिक्षा समाज के पुनर्निर्माण का माध्यम है : प्रो. एल. कारुण्यकरा

वर्धा, दि. 5 जनवरी 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सावित्रीबाई फुले जयंती पर 3 जनवरी को 'महिला शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले का योगदान' विषय पर आयोजित चर्चा की अध्यक्षता करते हुए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र के निदेशक एवं संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एल. कारुण्यकरा ने कहा कि शिक्षा समाज के पुनर्निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम व उपकरण है। हमें महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के शिक्षा के प्रति योगदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें शिक्षित होकर समाज को सशक्त बनाना चाहिए। सावित्रीबाई फुले की जयंती प्रथम महिला शिक्षिका के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. शैलेश मरजी कदम, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय सहित शोधार्थी पल्लवी मोरे, श्रीलेखा कुमारी, आरती, शशिकांत भारती, महेंद्र सिंह लोधी, विजय कुंभरे, महेश दुर्गम, दीपक, डॉ. स्मिता, दर्शना मेश्राम आदि ने सावित्रीबाई फुले के जीवन-कार्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरन कुंभरे ने किया तथा आभार डॉ. राकेश फकलियाल ने माना। कार्यक्रम में अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305